तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026



11 हरियाली, स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का संगम बना श्यामनगर





12 उदंती–सीतानदी के जंगलों में दिखा प्रकृति का अद्भुत नजारा






## खबर संक्षेप

### तहसील स्तरीय ग्राम पटेलों की बैठक 5 को

**रसेला।** छुरा विकासखंड के अंतर्गत तहसील स्तरीय ग्राम पटेलों की बैठक 5 जून को समय 11 बजे छुरा के रेस्ट हाऊस में रखी गई है। इसमें सभी ग्राम पटेलों को इस बैठक में अपनी अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाने की अपील की गई है। यहां जानकारी पटेल संघ ब्लाक अध्यक्ष लोकराम यादव पटेल ने दी।

### शोभा पशु औषधालय में लटका ताला



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के पशु औषधालय की स्थिति बेहद खराब है। शोभा, कुल्हाड़ीघाट पशु औषधालयों में हमेशा ताला लटका रहता है। यहां के ग्रामीणों द्वारा कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। मवेशी मालिक बेहद परेशान नजर आते हैं मजबुरन उन्हें अन्य व्यक्तियों से अपने मवेशियों का इलाज कराना पड़ता है।

### पूरनलाल बिरसा मुंडा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान से होंगे सम्मानित आज

**फिंगेश्वर।** शिक्षा सागर फाउंडेशन के बिरसा मुंडा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 4 जून को चंपारण में किया गया है।



इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों के चयनित शिक्षकों का शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मान किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में पदस्थ व्याख्याता पूरन लाल साहू को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, साक्षरता, मद्यपान निषेध कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण,जल संरक्षण, सामाजिक जागरुकता, वृक्षारोपण, सीड बाल निर्माण, गौरैया संरक्षण एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सम्मानित किया जाएगा। शिक्षण कार्य के साथ साथ साहित्य के क्षेत्र में उनकी सृजनात्मक अभिरुचि और समाज के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण उनकी लेखनी में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। उल्लेखनीय है कि पूरन लाल साहू को शिक्षा,पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण साहित्य एवं सामाजिक समरसता के रूप में अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

### मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** तुमगांव के बाजार चौक के पास फ्रीडम चौक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी अरविंद वार्ड नं 08 तुमगांव ने बताया कि 30 मई की रात करीबन 11 बजे बाजार चौक के पास फ्रीडम चौक में यशवंत बंजारे के साथ बातचीत कर रहा था।

### 308 आवेदन आए, 7 दिन के अंदर समाधान हो

# सुशासन तिहार शिविर से रेंजर गायब, भड़के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- सस्पेंड करो







हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवापारा-राजिम

बुधवार को नगर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल पहुंचे, सांसद श्री अग्रवाल का शहरवासियों ने आत्मीय स्वागत किया। शिविर में पहुंचते ही सांसद अग्रवाल ने सर्वप्रथम भारत माता की पूजा-अर्चना की तथा एक-एक स्टॉल में जाकर विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद वे मंच पर पहुंचे और उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान सांसद अग्रवाल ने साफ शब्दों में कहा कि शिविर में कुल 308 आवेदन प्राप्त हुए हैं और इन सभी आवेदनों का निराकरण सात दिनों के भीतर हर हाल में होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय समय-सीमा में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संबंधित विभागों के अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिविर के दौरान कई विभागों की लापरवाही भी सामने आई। वन विभाग के रेंजर की अनुपस्थिति पर सांसद ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें निलंबित करने के लिए आदेश किया। वहीं पीएचई विभाग की ओर से एक भी अधिकारी अथवा कर्मचारी ▸▸ शेष पेज 10 पर




### नवापारा शहर में 490 लोगों के आवास की स्वीकृति

विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि सुशासन तिहार सरकार के हरेक योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। पिछले ढाई साल में समुचित विकास हुआ है। इस शहर में 18 करोड़ रूपए का काम हुआ है। आज 2 करोड़ रूपए का और भूमिपूजन किया गया है। विधायक श्री साहू ने बताया कि नवापारा शहर में 490 लोगों के आवास की स्वीकृति हुई है जिनमें अधिकतर मकान बनकर तैयार हो गए है। कहा कि बृजमोहन भैया के नेतृत्व में विकास कर रहे है आगे भी सांसद और विधायक निधि से नवापारा शहर का भरपुर विकास होगा। प्रारंभ में एसडीएम रवि सिंह एवं पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू ने स्वागत भाषण दिया।

### ये भी रहे मौजूद

इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल, गरियाबंद जिला भाजपा के वरिष्ठतम नेता जितेंद्र सोनकर,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, विधायक प्रतिनिधि संजय साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, परदेशी राम साहू,किशोर देवांगन,चंद्रिका साहू, मेघनाथ साहू, धीरज साहू,मुकेश ढीढी, सुमित सोनी, मयाराम साहू,अकरम रिजवी,दयालु राम गाड़ा, संतोष शुक्ला, सचिन सचदेव, सिंटु सौरभ जैन, गिरधारी अग्रवाल, जीना निषाद, निर्मला साहू, अन्नपूर्णा देवांगन, धनमती साहू, साधना सौरज,तनु मिश्रा सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद थे।

### सुशासन तिहार में कांग्रेस का हंगामा, पेयजल संकट पर फोड़ीं खाली मटकियां, अवैध रेत-शराब पर घेरा



**नवापारा-राजिम।** सुशासन तिहार के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयोजन स्थल पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में महिलाएं हाथों में तख्तियां और खाली मटकी लेकर पहुंचीं थी। पेयजल संकट सहित अन्य समस्याओं को लेकर सरकार के प्रति नाराजगी जता रही थी। आरोप लगाया कि नगर में अवैध रेत और अन्य खनिजों का परिवहन धड़ल्ले से जारी है, अवैध शराब बिक्री पर अंकुश नहीं लग पा रहा है, गरीब एवं पात्र हितग्राहियों को समय पर पेंशन नहीं मिल रही, किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध नहीं हो रही तथा लगातार बिजली कटौती से आम जनता परेशान है। कांग्रेस ने इन मुद्दों को लेकर प्रशासन के समक्ष अपनी मांगें रखीं। आयोजन स्थल में खाली मटकी पटककर फोड़ा भी। एसडीएम रवि सिंह ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उनकी मांगों को सुना और संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। प्रदर्शन के दौरान विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू ,,नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ,जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सौरभ शर्मा, नवापारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामा यादव ,ब्लॉक कांग्रेस नवापारा ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ,पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी ,महिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपाली राजपूत, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, चतुर जगत, शिखरचंद बाफना, मंडल अध्यक्ष अजय साहू अजय कोचर चन्द्रहास साहू सचिन बंगानी,पार्षद अर्जुन साहू, टिकेश्वर गिलहरे , ▸▸ शेष पेज 10 पर

## खाद वितरण के नियम में बदलाव से बढ़ी किसानों की परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

क्षेत्र के आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों से खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही खाद वितरण के नए नियमों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। प्रति एकड़ केवल एक बोरी डीएपी और एक बोरी यूरिया देने के नए नियम का किसान विरोध कर रहे हैं। रसेला सोसायटी के अंतर्गत आने वाले ग्राम मेडकीडबरी,सुरगपानी,दादरगाव नया,कोडामाल,पलेमा,पड्रीपानी गोंड, बागबाहरा, कनसिघी सोसायटी से कोठीगांव, भरूवामुडा, केवटीझर, घोटपानी, परसापानी, मतरबाहरा, जटियातोरा के किसानों का कहना है कि धान की अच्छी पैदावार और शुरुआती वृद्धि के लिए प्रति एकड़ कम से कम तीन बोरी यूरिया की आवश्यकता होती है, जबकि उन्हें केवल एक ही बोरी दी जा रही है। किसानों ने शासन प्रशासन से तत्काल कोटा बढ़ाकर कम से कम दो बोरी नहीं किया, तो फसलें शुरुआती दौर में ही प्रभावित हो जाएगी। किसानों ने यहां भी कहा कि सोसायटी से पर्याप्त खाद नहीं मिलने पर उन्हें निजी कृषि सेवा केन्द्रों से महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ेगा, जिससे खेती की लागत बढ़ेगी और आर्थिक बोझ भी बढ़ेगा। रसेला समिति के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि अभी तक समिति में खाद उपलब्धता इस प्रकार कि है यूरिया 102 टन, सुपर फास्फेट 35 टन, डीएपी 27 टन ,20.20.13 .टन,नैनो डीएपी 120 नग से, कंसोटिया 50 नग,नैनो यूरिया 264 नग और धान बीज में सिर्फ सरना 90 क्विंटल समिति में उपलब्ध है। किस्त में मिलेगी खाद, परिवहन भाड़ा भी डबल प्रशासन का निर्देश है कि 5 एकड़ या उससे अधिक रकबा वाले मध्यम और बड़े किसानों को दो किस्तों में खाद दी जाएगी। इसका सीधा नुकसान यह है कि 5 से 7 किलोमीटर दूर गांवों से भारी भरकम भाड़ा देकर ट्रैक्टर ट्राली लाने वाले किसानों को अब एक ही काम के लिए दो बार परिवहन खर्च उठाना पड़ रहा है। इससे परिवहन भाड़ा भारी पड़ेगा।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकाली रैली और दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

- समर कैंप के खिलाड़ियों ने लगाए नारे, साइकिल चलाओ-ईंधन बचाओ, स्वस्थ रहो, नन्हें बच्चों ने भी बढ़ाया कदम

**छुरा।** विश्व साइकिल दिवस 3 जून के अवसर पर समर कैंप के खिलाड़ियों ने रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया। साइकिल चलाओ-पर्यावरण बचाओ, साइकिल चलाओ-ईंधन बचाओ, साइकिल चलाओ-स्वस्थ रहो, जीवन बचाओ के नारों के साथ रैली बैडमिंटन ग्राउंड सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, नगर पंचायत, स्वर्ण जयंती चौक, बजरंग चौक होते हुए व्यायाम शाला में संपन्न हुई।रैली को संबोधित करते हुए समाजसेवी शीतल ध्रुव ने कहा कि साइकिल चलाने से शरीर स्वस्थ रहता है और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है। वर्तमान में देश डीजल-पेट्रोल की समस्या से जूझ रहा है, जिसे साइकिल के उपयोग से कुछ हद तक हल किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, युवा और विद्यार्थियों से अपील की कि प्रतिदिन कम से कम एक-दो किलोमीटर की दूरी के लिए साइकिल का उपयोग करें। इससे राष्ट्रहित में सहयोग होगा और स्वास्थ्य भी उत्तम रहेगा।रैली के दौरान नन्हें बच्चों ने भी साइकिल चलाकर समाज को संदेश दिया। आयोजन में भुवन लाल ठाकुर, चंद्रभूषण निषाद, विजय सोनी, चित्रसेन यादव, हीरालाल साहू सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मेरा युवा भारत 'माई भारत' खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित रैली में शामिल सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।



## प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा आज, जिले के 17 केंद्रों में 3776 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा गुरुवार 4 जून को जिले के 17 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के कुल 3 हजार 776 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को लेकर प्रशासन और शिक्षा विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों का मुख्य द्वार सुबह 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन समय पर किया जा सके।

व्यापम ने परीक्षार्थियों के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी और गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनने की अनुमति नहीं होगी। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक पहनकर आने वाले अभ्यर्थियों को सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी तथा किसी भी प्रकार के संचार उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। अभ्यर्थियों को केवल चप्पल पहनकर आने तथा उत्तर पुस्तिका भरने के लिए काले या नीले बॉल प्वाइंट पेन साथ लाने की अनुमति होगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा में किसी ▸▸ शेष पेज 10 पर

## अवैध बीज बेचने वाले 4 केंद्रों पर छापा, 666 बैग धान बीज जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

- देवभोग और मैनपुर ब्लॉक में खाद संकट के बीच प्रशासन का एक्शन

जिले में खाद और बीज की उपलब्धता को लेकर किसानों की बढ़ती चिंता के बीच कृषि विभाग ने कालाबाजारी और अनियमित कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। खाद संकट को लेकर किसानों के आंदोलन और शिकायतों के बाद अब विभाग ने बीज विक्रय केंद्रों पर औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की है।

कलेक्टर बी.एस. उईके के निर्देश तथा कृषि विभाग के उप संचालक चंदन रॉय के मार्गदर्शन में सहायक संचालक अनिल कुमार कौशिक एवं बीज निरीक्षक की टीम ने देवभोग और मैनपुर विकासखंड के चार बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

निरीक्षण में सीनापाली स्थित विकास ट्रेडर्स और शारदा बीज उत्पाद सहित मैनपुर ब्लॉक के ढोर्रा स्थित लच्छु धान बीज एवं मक्का भंडार तथा धनौरा के मिश्रा ट्रेडर्स में बीज अधिनियम 1966, बीज नियम 1968 एवं बीज (नियंत्रण) आदेश 1983 के प्रावधानों का उल्लंघन पाया गया।

जांच में अघोषित गोदामों में बीज भंडारण, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के बीज बिक्री, बिक्री संबंधी अभिलेखों का संधारण नहीं करना, मासिक प्रतिवेदन जमा नहीं करना, मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं करना तथा बिना लाइसेंस के बीज विक्रय जैसी अनियमितताएं उजागर हुईं। कृषि विभाग ने कार्रवाई करते हुए तीन प्रतिष्ठानों में उपलब्ध धान बीज को जब्त कर सीलबंद कर दिया है। साथ ही संबंधित दुकानों में मौजूद 666 बैग धान बीज की बिक्री पर 10 दिनों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद और बीज खरीदने तथा खरीदारी का पक्का बिल लेने की अपील की है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अधिक कीमत वसूलने, ▸▸ शेष पेज 10 पर

### 500 साल तक जीवित रहने वाले इस पेड़ से साल में बड़ी मात्रा में प्राप्त होता है वनोपज

# अवैध कटाई से राजकीय वृक्ष साल पर मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद साल को राजकीय वृक्ष का दर्जा दिया गया, लेकिन साल वन का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है, जो कि क्षेत्र के जंगल में निवास करने वाले ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है। कभी गरियाबंद जिले को घने साल जंगल का दीप कहा जाता था, लेकिन अब धीरे–धीरे यहां साल का जंगल का दायरा घटता जा रहा है। साल वृक्ष काफी महत्वपूर्ण वृक्ष माना जाता है, क्योंकि जिस क्षेत्र में साल की जंगल होता है, वहां मौसम ठंडकता रहती है। साथ ही साल के जंगल वाले क्षेत्र में तापमान का पारा ज्यादा नहीं चढ़ता, लेकिन अब लगातार साल के जंगल कम होने के कारण इस वर्ष वनांचल मैनपुर क्षेत्र में भी गर्मी कि दिनों में तापमान का पारा बढ़ता जा रहा है। मैनपुर जैसे क्षेत्र में 43 डिग्री तापमान का पारा चढ़ चुका है, जो यह बताने के लिए काफी है कि क्षेत्र में तेज गति से साल की जंगल कम हो रही है। कहने को तो साल छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष है, लेकिन इससे विकास में मदद नहीं मिल पाई है। साल को क्षेत्र में सरई भी कहा जाता यह जंगल में निवास करने वाले लोगो के लिए पूजनीय वृक्ष है, क्योंकि आधा दर्जन से ज्यादा उत्पादन इसी एक पेड़ से मिलते हैं। विडंबना ही है कि साल दर साल कूप की कटाई, वनों में अतिक्रमण व अवैध कटाई की वजह से साल के जंगल खत्म हो रहे हैं। साल नैसर्गिक रूप से उगने वाला पेड़ है। बीते दो दशक में साल के लाखों पेड़ काटे जा चुके हैं। इसके बदले में रोपण का प्रयास किया जा रहा है, पर रोपण की सफलता की दर कम है। साल का वैज्ञानिक नाम शोरिया रोबस्टा है यह डिप्टेरोकापैसी कुल का सदस्य है।

**अवैध कटाई और वन अधिकार पट्टा के लालच में हुआ साल जंगल का हुआ सर्वनाश :** गरियाबंद जिले के खासकर मैनपुर क्षेत्र को साल वनों का दीप कहा जाता था, किन्तु अत्यधिक दोहन तथा वोट की राजनीति के चलते वन अधिकांर पट्टा के कारण साल के जंगल तेजी से सिमट रहे है अविभाजित ▸▸ शेष पेज 10 पर

### 500 वर्षों तक जीवीत रहने वाला वृक्ष साल

करीब पांच सौ साल तक जीवित रहने वाला साल का वृक्ष क्षेत्रवासी की जिंदगी से जुड़ा है। इससे इमारती व जलाऊ लकड़ी, साल का बीज, धूप, दोना–पत्तल बनाने के लिए उपयोगी पत्ते, दातून व कई तरह की औषधियां मिलती हैं साल वृक्ष के नीचे एक विशेष तरह का मशरूम मिलता है जिसे बोड़ा कहा जाता है इसकी सब्जी राजसी मानी जाती है यह इतना उपयोगी वृक्ष है कि जिस व्यक्ति की निजी भूमि पर यह होता है वह गौरवान्वित महसूस करता है।



## खबर संक्षेप



### साइकिल चलाना शरीर के लिए फायदेमंद

**महासमुंद।** विश्व साइकिल दिवस पर संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि साइकिल चलाने से सेहत ठीक रहती है। आमतौर बच्चे ने 6 से 11 साल की उम्र के बीच साइकिल चलाना सीखते हैं। हालांकि, हर बच्चे का विकास अलग होता है। इसलिए वे अलग-अलग उम्र में साइकिल चलाने के लिए तैयार होते हैं।

### 10 दिवस के भीतर मुक्तिधाम निर्माण कार्य को मिली स्वीकृति

**महासमुंद।** सुशासन तिहार के दौरान आमजन की समस्याओं एवं मांगों के त्वरित निराकरण करते हुए जिला प्रशासन द्वारा जनपद पंचायत बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कमरौद में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणा को मात्र 10 दिवस के भीतर पूरा कर दिया है। विगत 22 मई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत कमरौद पहुंचे थे, जहां उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की जमीनी हकीकत जानी। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में मुक्तिधाम निर्माण की मांग रखी, जिस पर मुख्यमंत्री साय ने तत्काल मुक्तिधाम निर्माण कार्य की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री की घोषणा को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विनय लंगेह ने तत्काल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निर्देशों के अनुरूप मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत मुक्तिधाम निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई। मुख्यमंत्री की घोषणा के मात्र 10 दिवस के भीतर स्वीकृति जारी हो गई।

### नयापारा में एनपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता 10 से

**बिरकोनी।** ग्राम नयापारा में एनपीएल सीजन वन क्रिकेट टीम के युवाओं द्वारा 10 जून को मौहारी मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। खेल प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक एक सप्ताह खेला जाएगा। जिसमें 31 टीम के खिलाड़ी पहले आओ पहले पाओ के तहत भाग लेंगे। प्रत्येक मैच 6 ओवर का होगा। स्पर्धा में पुरस्कार प्रथम तीस हजार, द्वितीय पंद्रह हजार, तृतीय सात हजार रुपए रखा गया है। प्रवेश शुल्क 2000 रुपए निर्धारित है। प्रतियोगिता का स्तर केवल ग्रामीण टीमों को प्रथमिकता देगी। 35 किलोमीटर दूर से आने वाले टीमों को विशेष छूट दी जाएगी। एक दिन में एक टीम का क्वालीफाई राउंड होगा। इस टूर्नामैच में आयोजक समिति द्वारा कोई मैच नहीं खेला जाएगा। अध्यक्ष प्यारे लाल पुरैना, उपाध्यक्ष आशीष जांगड़े, अमितेश निषाद, दिनेश पाटिल सहित खिलाड़ी प्रतियोगिता को सफल बनाने में जुटे हुए है।

**पहल : पारदर्शी एवं जवाबदेही शासन के लिए व नागरिकों की शिकायतों के समाधान के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म**

# सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित होगा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- सीएम हेल्पलाइन 1076 के प्रभावी संचालन के लिए राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल के अधिकारियों ने दी जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण

राज्य में आम जनता को अपनी शिकायत दर्ज कराने सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा उनके शिकायतों का समयबद्ध निराकरण करने के लिए शीघ्र ही सीएम हेल्पलाइन 1076 की शुरूआत होने वाली है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में उक्ताशय के निर्देश दिए हैं।

इस मौके पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल के प्रमुख आरके शर्मा एवं आईटी मैनेजर सौरभ कांत एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा जिले के अधिकारी-कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाईन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के संपूर्ण प्रक्रिया के संबंध में पीपीटी के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कलेक्टर विनय लंगेह ने सीएम हेल्पलाइन की शुरुआत को आम जनता के शिकायतों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने हेतु एकीकृत, सुलभ और विश्वसनीय माध्यम प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा शुरू किए जा रहे अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं दूरदर्शी कदम बताया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का गुणवत्तायुक्त ढंग से त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी मयंक पांडेय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



इस मौके पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दल के प्रमुख आरके शर्मा ने सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत शिकायत प्रबंधन प्रणाली के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने ऑनलाईन शिकायतों का पंजीयन, विभिन्न स्तर पर इसकी मॉनिटरिंग के साथ-साथ चरणबद्ध प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन का उद्देश्य आम नागरिकों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं की समुचित जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाना है। साथ ही सीएम पोर्टल के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का निर्धारित समयावधि में लाभ उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का गुणवत्तायुक्त ढंग से निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शर्मा ने बताया कि सीएम हेल्पलाईन सेंटर सप्ताह के सातों दिन एवं 24 घंटे संचालित रहेगा। इसके माध्यम से प्रदेश का कोई भी नागरिक टोल फ्री नंबर 1076 एवं 18002333300 के अलावा वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप और व्हाट्सएप जैसे आधुनिक माध्यमों में से किसी भी एक माध्यम से किसी भी समय आसानी से अपना शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### सीएम पोर्टल में शिकायत दर्ज होने के साथ ही मिलेगी एक विशिष्ट पहचान संख्या

उन्होंने कहा कि सीएम पोर्टल में शिकायत दर्ज होने के साथ ही उन्हें एक विशिष्ट पहचान संख्या मिलेगी। जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता को उनके शिकायत से संबंधित विभाग, अधिकारी के पास लंबित होने की जानकारी तथा कार्यवाही की प्रक्रिया के अलावा समाधान में लगने वाले समय आदि से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी पूरी तकनीक आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम से जुड़ी होगी, जिसमें हर स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और शिकायतों के अनावश्यक लंबित रहने की संभावना बिल्कुल भी नहीं होगी। प्रस्तुतीकरण के दौरान शर्मा ने कहा कि इसमें नागरिकों के फीडबैक की भी सुविधा होगी। साथ ही आवेदकों के समस्याओं के समाधान होने के बाद संबंधित आवेदक से सीधे संपर्क कर उसकी प्रतिक्रिया ली जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत यदि आवेदक समाधान से पूरी तरह से संतुष्ट होता है, तभी शिकायत का पूर्ण निराकरण माना जाएगा। लेकिन यदि कोई असंतुष्ट है तो शिकायत स्वतः सक्रिय हो जाएगी। इस पूरी व्यवस्था की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय और संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। रियल टाइम मॉनिटरिंग की इस व्यवस्था से प्रशासन अधिक जवाबदेह, पारदर्शी और सक्रिय बनेगा। जिससे आम नागरिकों की समस्याओं का तेजी से निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा।

## जिला साहू संघ का वृहद पौधरोपण अभियान 7 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पौध उपलब्ध कराने डीएफओ को सौंपा गया आवेदन

पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर जिला साहू संघ द्वारा आगामी 7 जून को जिले के समस्त तहसील परिक्षेत्रों एवं ग्राम स्तर पर वृहद पौधरोपण अभियान आयोजित किया जाएगा। जिला साहू संघ के जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू ने बताया कि पौधरोपण कार्यक्रम को सफल बनाने तथा पर्याप्त संख्या में पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला साहू संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला वनमंडलाधिकारी से मुलाकात कर पौधे उपलब्ध कराने हेतु आवेदन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने वन विभाग से पर्यावरण संरक्षण के इस सामाजिक अभियान में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ढालू राम साहू के साथ झनक राम साहू, नंद कुमार साहू, मनोहर साहू, दिग्विजय साहू, राजेंद्र साहू एवं मानिक साहू उपस्थित रहे।



## खेत बचाओ अभियान के तहत कृषकों को योजनाओं एवं तकनीकों की दी जानकारी

**महासमुंद।** खेत बचाओ अभियान के तहत कृषि विभाग द्वारा जिले के विभिन्न गांवो में कृषक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन जारी है। इसी क्रम में बसना एवं सरायपाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत नौगड़ी, जोगनीपाली, बालसी, भोथलडीह, सिरबोड़ा, चकरदा, बिरकोल, परसदा, कोटेनदरहा सहित अन्य ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को टिकाऊ एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न कृषि योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान किसानों को हरी खाद के उपयोग, खेत बचाओ अभियान के तहत रासायनिक उर्वरकों के कम एवं संतुलित उपयोग, तथा मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की पात्रता, लाभ एवं आवश्यक प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। कृषकों को धान उत्पादन में जैविक विकल्पों को अपनाने हेतु बीजीए (ब्लू ग्रीन एल्गी) यूनिट स्थापना के लाभ एवं प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इसके अलावा पात्र कृषकों को एग्रीस्टैक पंजीयन कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा पंजीयन से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं, अनुदान कार्यक्रमों एवं कृषि विकास से संबंधित विभिन्न सुविधाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।

## आधार पंजीयन एवं अपडेट शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आधार पंजीयन एवं आधार अपडेट शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील अंतर्गत ग्राम चट्टीगिरोला के आंगनबाड़ी केंद्र में आधार शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में उन बच्चों का आधार पंजीयन किया गया, जिनके दस्तावेज यूआईडीएआई के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप सही पाए गए। साथ ही ऐसे हितग्राहियों के आधार कार्ड में आवश्यक सुधार एवं अपडेट की प्रक्रिया भी संपन्न की गई, जिनके आधार में त्रुटियां थीं अथवा बायोमेट्रिक सत्यापन संबंधी समस्याएं थीं। यूआईडीएआई की गाइडलाइन के अनुसार वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने वाले हितग्राहियों के आधार विवरण सफलतापूर्वक अपडेट किए गए। शिविर में कुल 25 हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। इनमें तीन ऐसे हितग्राही भी शामिल थे, जिनके आधार कार्ड डीएक्टिव हो चुके थे, जिन्हें आवश्यक प्रक्रिया के माध्यम से सहायता प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त शिविर सरायपाली क्षेत्र के निकट आयोजित होने के कारण बड़ी संख्या में हितग्राही अपने आधार संबंधी कार्यों के लिए शिविर स्थल पहुंचे। साथ ही आधार गाइड के जन्मदिवस के अवसर पर शिविर में उपस्थित बच्चों के लिए मिष्ठान वितरण की व्यवस्था की गई तथा बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर उन्हें विशेष खुशी प्रदान की गई।

## सुबह की सैर और योग के प्रति बढ़ रही लोगों में जागरूकता

**सुरसाबांधा।** क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। ग्राम सुरसाबांधा, सिंधौरी, बरोंडा, श्यामनगर, रवेली सहित आसपास के कई गांवों में बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन सुबह की सैर और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। सुबह होते ही गांव की सड़कों, तालाबों के किनारे एवं खुले मैदानों में लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है, जहां युवा, बुजुर्ग और महिलाएं स्वास्थ्य लाभ के लिए टहलते नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित मॉर्निंग वॉक से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा दिनभर कार्य करने के लिए ऊर्जा प्राप्त होती है। बदलती जीवनशैली और बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए अब ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी स्वास्थ्य के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक सजग हो रहे हैं। सुरसाबांधा, सिंधौरी, बरोंडा एवं श्यामनगर सहित अन्य गांवों में कई लोग समूह बनाकर सुबह सैर के साथ योग एवं व्यायाम भी कर रहे हैं। इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है तथा नई पीढ़ी भी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह का शुद्ध वातावरण, ताजी हवा और प्राकृतिक परिवेश स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। चिकित्सकों के अनुसार प्रतिदिन कुछ समय पैदल चलने और व्यायाम करने से हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं मोटापे जैसी बीमारियों के जोखिम को कम किया जा सकता है।



## बेलमुंडी सहकारी समिति से 108 किसानों को किया गया खाद वितरण, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

खरीफ सीजन को देखते हुए प्रशासन द्वारा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को यूरिया, डीएपी सहित अन्य रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रतिदिन खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण और वितरण की समीक्षा भी की जा रही है। जिला विपणन अधिकारी के अनुसार जिले की 159 सहकारी समितियों में उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है तथा किसानों की मांग के अनुरूप लगातार वितरण किया जा रहा है। खरीफ वर्ष के लिए जिले को 60 हजार 850 टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरुद्ध अब तक 16 हजार 294 टन से अधिक उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 26.78 प्रतिशत है।



वहीं किसानों को अब तक 7 हजार 720 टन उर्वरकों का वितरण किया जा चुका है। भंडारित उर्वरकों में 11 हजार 338 टन यूरिया, 1 हजार 928 टन डीएपी, 449 टन एनपीके तथा 1 हजार 496 टन एसएसपी शामिल हैं।

जिले की विभिन्न सहकारी समितियों में किसानों द्वारा किए जा रहे उठाव के तहत तोरेसिंहा सहकारी समिति बेलमुंडी के अंतर्गत अब तक 108 किसानों को खाद का वितरण किया गया है। गांव के किसान कमलेश ने बताया कि उन्हें आसानी से 8 बोरी यूरिया और 3 बोरी डीएपी प्राप्त हुआ। वहीं किसानों शरद और गुलाल ने भी बताया कि उन्हें बिना किसी परेशानी के डीएपी और यूरिया उपलब्ध हो गया है। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग उर्वरक कंपनियों से अतिरिक्त रैक प्राप्त कर लगातार भंडारण बढ़ा रहा है, ताकि खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। प्रशासन द्वारा खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनियमित वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। साथ ही समितियों और निजी विक्रेताओं के यहां नियमित निरीक्षण भी कराया जा रहा है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा मांग और आपूर्ति की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

**पेज 9 के शेष**

### सुशासन तिहार शिविर...

उपस्थित नहीं होने पर भी उन्होंने कड़ी फटकार लगाई और इसे जनता के प्रति गंभीर लापरवाही बताया। बता दें कि जैसे ही वन विभाग की बारी आई तो इतने बड़े शिविर में न तो डीएफओ आए थे न ही एसडीओ, और तो और रेंजर भी नही पहुंचे। विभाग का नाम पुकारे जाने पर डिप्टी रेंजर खड़े हुए। उन्हें पूछा गया कि कौन से पोस्ट में हो? बताया डिप्टी रेंजर हूं। रेंजर कहां है? डिप्टी रेंजर का उत्तर था नही मालूम सर। बस फिर तो सांसद श्री अग्रवाल का दिमाग खराब होना स्वभाविक था। उन्होने मौजूद प्रशासनिक अफसरो से कहा कि रेंजर को सस्पेंड करे। श्री अग्रवाल के सामने दम्मानी कॉलोनी में हाईटेंशन तार हटाने की मांग प्रमुख रूप से सामने आई। वहीं सेवानिवृत्त पटवारी अजय उपाध्याय की सेवा पुस्तिका गायब होने तथा पेंशन नहीं मिलने का मामला भी सामने आया। इन दोनो मामलों के त्वरित समाधान के लिए सांसद श्री अग्रवाल ने एसडीएम रवि सिंह को आवश्यक निर्देश दिए। सांसद अग्रवाल ने कन्या शाला के लिए 5 लाख एवं लड़कियों के अखाड़े के लिए 5 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित की गई तथा हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र और स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को भी स्वीकृति संबंधी दस्तावेज सौंपे गए। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने शास हरिहर हाई स्कूल की जमीन को स्कूल के नाम करने के लिए आदेशित किया। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूल के आसपास जितने भी अवैध कब्जे हैं, उन्हें तत्काल हटाने की कार्रवाई की जाए ताकि विद्यार्थियों और आमजन को परेशानी न हो। सुशासन तिहार शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहाँ लोगों ने आवेदन प्रस्तुत कर समस्याओं के निराकरण की मांग की। खास बात यह रही कि सुशासन तिहार के दौरान भाजपा नेता राजू जितेंद्र सोनकर ने भगवान श्री राजीव लोचन का प्रसाद पीड़िया भेंट किया जिसे सांसद श्री अग्रवाल ने मस्तक पे लगाकर प्रणाम कर अपने पास रखा।

### सुशासन तिहार में कांग्रेस...

रामरतन निषाद, तरूण कंसारी, फागुराम देवांगन, हेमंत साहनी ,रेखा तिवारी, अनूप खरे, निर्माण यादव, मितेश शाह, सुरेन्द्र साहू ,राकेश सोनकर, यादवेंद्र सिंग राजपूत, अभिजीत श्रीवास ,शेखर साहू ,प्रदीप साहू ,दाऊराम साहू, विजय तारक, अजय गाड़ा ,शहीद रजा ,बल्लू देवांगन ,मानसिंग ध्रुव, गुड्डू मिश्रा,नोहर कंसारी, अल्लू चक्रधारी,असफाक लखानी, निगम पटेल, श्यामू विश्वकर्मा ,बीरबल राजपूत ,भोला साहू ,बल्लू साहू ,बजरंगी कंसारी ,बबलू खान ,घनश्याम साहू ,संजय यादव ,रामकुमार शर्मा ,वीरेन्द्र राजपूत ,प्रतीक साहू ,पूर्णान्द साहू ,महेश साहू ,अहमद रिजवी शामिल थे।

### प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा...

भी प्रकार के अनुचित साधन का प्रयोग पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और उसकी अभ्यर्थिता निरस्त कर दी जाएगी। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से परीक्षा केंद्र का एक दिन पहले अवलोकन कर लेने और निर्धारित समय का विशेष ध्यान रखने की अपील की है, ताकि परीक्षा दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अवैध बीज बेचने...

अवैध भंडारण या बिना अनुमति कारोबार की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने किसानों से अफवाहों और भ्रामक खबरों से बचने की भी अपील की है। किसी भी शिकायत या समस्या की स्थिति में किसान जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष अथवा संबंधित कृषि अधिकारियों से सीधे संपर्क कर सकते हैं। जिले में खाद की उपलब्धता को लेकर चल रही चिंताओं के बीच कृषि विभाग की यह कार्रवाई कालाबाजारी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि किसानों को समय पर उच्च गुणवत्ता वाले खाद और बीज उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

### अवैध कटाई से राजकीय...

मध्यप्रदेश के समय से यानि के पिछले 35–40 वर्षो से गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्रवासी साल अनुसंधान केन्द्र की मांग करते आ रहे हैं, किन्तु इस दिशा में प्रदेश की सरकारे उदासीन रही है, साल को छत्तीसगढ प्रदेश का राजवृक्ष घोषित किया गया है परन्तु साल के प्रति शासन स्वंय गंभीर नहीं है। कभी उदंती अभ्यारण्य के घने जंगल साल जंगल के नाम से जाना जाता था अब दू-दूर तक सिर्फ ठुठ ही नजर आते हैं। सरकारी रिकार्ड के अनुसार साल के हजारों वृक्ष कट चुके पिछले 10 वर्षो में काटे जा चुके हैं, लेकिन साल का संघन रोपण नहीं किया जा रहा है। साल बहुलता के कारण क्षेत्र को साल जंगल का दीप कहा जाता था, लेकिन वन भूमि पर अतिक्रमण करने और आर्थिक लाभ हेतु कुप कटाई करने विभाग ने ही साल को नहीं बख्शा, आंशंका व्यक्त की जा रही है कि साल की कटाई यदि ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले कुछ वर्षो में साल का जंगल खत्म हो जायेगा, साल वृक्ष कटाई के लिए साल संवर्धन किया जाना आवश्यक है। छत्तीसगढ़ में साल अनुसंधान केन्द्र की स्थापना बिलासपुर में की गई है, गत दो दशकों में हजारों साल के वृक्ष कुप कुटाई के तहत काटे जा चुके हैं, लेकिन विभाग द्वारा भी साल के पौधे उस अनुपात पर नहीं रोपा गया है। क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी प्रेमसाय जगत, छबि दीवान, गेंदु यादव, धन्नु मरकाम, भीमा मंडावी ने बताया कि कुप कटाई के नाम पर वन विभाग ने साल के जंगल को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग वर्षो से साल अनुसंधान केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं। सरकार इस पर ध्यान नहीं देता। साल को बचाने के लिए इसके बीजों को मिट्टी में दबाना जरूरी है। साल बीज और कूप कटाई से होने वाली आय के लालच में जंगलों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### खाद, अघोषित बिजली कटौती, पेट्रोल, डीजल पर महंगाई से किसान परेशान



**राजिम।** जिला पंचायत की पूर्व सदस्य व प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी लक्ष्मी साहू ने बढ़ती महंगाई को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश की आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं की कमी से बुरी तरह परेशान है। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, खाद्य पदार्थों तथा रोजमर्रा की जरूरतों की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ने आम आदमी का जीना मुश्किल कर दिया है। पेट्रोल-डीजल लूट के बाद अब सीएनजी के दामों में लगातार बढ़ोतरी कर आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। सीएनजी के दामों में दो रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। लक्ष्मी साहू ने कहा कि पिछले 12 दिनों में सीएनजी के दामों में कुल छह रुपये की बढ़ोतरी की जा चुकी है। श्रीमती साहू ने कहा कि 15 मई को दो, 18 मई को एक, 23 मई को एक तथा 26 मई को फिर दो रुपये प्रति किलो की वृद्धि की गई है। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान प्रदेश हैं,खेती किसानी मुख्य व्यवसाय है। खेती किसानी पर यहां के जनता व गरीब मजदूरों का जीवन यापन होता हैं। यूरिया, डीएपी और डीजल की पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलने से किसानों को बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा। खेती किसानी के लिए अभी ट्रेक्टर की ज्यादा जरुरत होगी और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी और कमी परेशानी होगी। पूर्व में गौठानों से वर्मी कंपोज खाद मिलने से किसानों को थोड़ी बहुत राहत मिलती थी लेकिन अब गोठानों के बंद हो जाने से गोबर खाद भी मिलना मुश्किल है। प्रति एकड़ यूरिया 2बोरी, डीएपी 1 बोरी मिलना चाहिए।

### तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा में बुधवार को ट्रक की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान जयराम देवांगन (50 वर्ष) निवासी ग्राम सेवाती कोल्दा के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयराम देवांगन अपने निजी कार्य से बागबाहरा आए हुए थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि जयराम देवांगन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि जयराम देवांगन गांव में मिलनसार और सामाजिक व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनकी अचानक हुई मौत से गांव के लोग स्तब्ध हैं।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**महासमुंद।** पानी लाने गई एक महिला बाइक की टक्कर से घायल हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक सात जोगनीपाली निवासी चंद्रकांति बारिक घर के सामने निर्मल साहू के वाहन धुलाई सेंटर के नल से पानी लाने पैदल गई थी। इसी दौरान ग्राम अर्जुंडा की ओर से आ रही मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 06 जीएफ 0471 के चालक द्वारा अपनी वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते आकर चंद्रकांति बारिक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है।

प्रारूप - (एक)

**// सूचना //**

नाबालिग पुत्री/ पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक/ पालक व्दारा प्रमाणित) मैं शैलेंद्री पति सुरेश कुमार निवासी ग्राम बोइरगांव कला पोस्ट- दर्रीपारा जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ राज्य ने अपने नाबालिग सुपुत्र का नाम तुषार कुमार (पुराना नाम) से बदलकर तुषार ठाकुर (नया नाम) रख लिया है।

**माता/पिता/ पालक के हस्ताक्षर**
**शैलेंद्री**

# साइकिल चलाना स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का सशक्त माध्यमः डा. देवादास

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।

फणिकेश्वरनाथ शासकीय कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ द्वारा विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर 3 जून को एक दिवसीय साइकिल रैली एवं जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य विषय "हरियाली भरे भविष्य के लिए साइकिल चलाना रहा।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे के मार्गदर्शन में रैली के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण,स्वास्थ्य संवर्धन तथा सतत परिवहन को बढ़ावा देने संबंधी संदेश जनसामान्य तक पहुंचाया गया। स्वयंसेवकों ने नागरिकों को नियमित साइकिल उपयोग के लाभों, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवदास बंजारे ने कहा कि साइकिल केवल एक परिवहन साधन नहीं,बल्कि स्वस्थ जीवनशैली,पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास का सशक्त माध्यम है। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम स्तर पर चलाया गया यह जनजागरुकता अभियान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

स्थानीय समुदायों की सक्रिय सहभागिता यह दर्शाती है कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य संवर्धन के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ रही है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ावा दे, तो प्रदूषण में कमी लाने के साथ–साथ एक स्वस्थ एवं हरित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है।

**फणिकेश्वरनाथ कालेज में मनाया गया विश्व सायकिल दिवस**





### गांवों में चलाया गया जागरुकता अभियान

कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा अपने–अपने ग्रामों में व्यापक जनजागरुकता अभियान संचालित किया गया। स्वयंसेविका विनिशा साहू ने बेहरापाल,डुमेश्वर साहू ने बासीन–पोखरा, वीणा सिन्हा ने कोसमखुंटा,नेहा निर्मलकर,बारुला,टोमेश्वरी साहू ने परसट्टी,नीतू साहू ने सोरिद,सोहद्रा सिन्हा ने बोरिद,कृति सिन्हा ने खैरझिटी,नेमन साहू ने बोरसी,हेमशरण नेताम ने गुन्दरदेही,लोकेश्वरी साहू ने किरवई,ओमप्रकाश निषाद ने फिंगेश्वर,मोनिका साहू ने सिर्रीकला,शीतल साहू ने सोरिद तथा गीतू साहू ने जामगांव ग्राम में स्थानीय समुदायों को प्रेरित कर साइकिल चलाने के स्वास्थ्य, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों का प्रचार–प्रसार किया। स्वयंसेवकों ने नागरिकों को दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग हेतु प्रेरित करते हुए कार्बन उत्सर्जन में कमी,ईंधन की बचत तथा स्वच्छ एवं हरित पर्यावरण निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका से अवगत कराया।

## अंचल में पर्यावरण दिवस पर होगा वृहद पौधारोपण


# हरियाली, स्वच्छता और राष्ट्रभक्ति का संगम बना श्यामनगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत श्यामनगर आज सेवा, समर्पण, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्रभक्ति के क्षेत्र में पूरे गरियाबंद जिले में अपनी अलग पहचान बना चुका है। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर ग्राम में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीण, युवा, महिलाएं, स्वयंसेवक एवं सामाजिक संगठन मिलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। ग्राम श्यामनगर में 2 अक्टूबर 2014 से निरंतर पौधारोपण अभियान चलाया जा रहा है। पिछले लगभग 12 वर्षों में 7 हजार से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। आज इनमें से अधिकांश पौधे बड़े वृक्ष बनकर गांव को हरियाली की चादर से आच्छादित कर रहे हैं। गांव में प्रवेश करते ही दोनों ओर हरियाली और वृक्षों की कतारें लोगों को आकर्षित करती हैं। गांव के प्रमुख मार्गों, सड़क किनारों, तालाबों के आसपास, शासकीय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया गया है। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण हुआ है, बल्कि गांव का सौंदर्य भी बढ़ा है। ग्राम के विद्यालयों में बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुंदर गार्डन एवं फूलों की क्यारियां विकसित की गई हैं। छात्र-छात्राएं स्वयं पौधों की देखरेख कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। ग्राम के मुक्तिधाम परिसर को भी सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप प्रदान किया गया है। लगभग तीन एकड़ क्षेत्र में विकसित मुक्तिधाम परिसर में औषधीय, फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर आकर्षक गार्डन तैयार किया गया है, जो ग्रामीणों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना हुआ है। ग्राम श्यामनगर स्वच्छता के क्षेत्र में भी अग्रणी है। गांव के युवा और स्वयंसेवक नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाते हैं। सड़कों, सार्वजनिक स्थलों एवं धार्मिक परिसरों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सप्ताह में एक दिन आसपास के गांवों में जाकर भी स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया जाता है। ग्रामवासियों के सहयोग से लगभग 6 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकी का निर्माण किया गया है तथा करीब 3 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। गर्मी के मौसम में भी ग्रामीणों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए विशेष व्यवस्था की जाती है।







### लाउडस्पीकरों के माध्यम से राष्ट्रगान का प्रसारण

श्यामनगर देश का तीसरा और छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा ग्राम है, जहां 26 जनवरी 2018 से प्रतिदिन सुबह 9 बजे 20 लाउडस्पीकरों के माध्यम से राष्ट्रगान का प्रसारण किया जाता है। राष्ट्रगान के समय ग्रामीण सम्मानपूर्वक खड़े होकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। ग्राम में स्थित शीतला माता मंदिर परिसर एवं विशाल सांस्कृतिक मंच को भव्य स्वरूप दिया गया है। यहां एक हजार से अधिक लोगों के बैठने की व्यवस्था है। धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पूरे गांव की सहभागिता देखने को मिलती है, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारा मजबूत होता है। महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 50 महिलाओं को छह माह तक निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर विधायक के हाथों सम्मानित होंगे किसान बिरझुराम

**सुरसाबांधा।** हरिभूमि में प्रकाशित 81 वर्ष की उम्र में भी खेती के प्रति अद्भुत लगन, युवा किसानों के लिए प्रेरणा बने बिरझुराम साहू समाचार का सकारात्मक असर देखने को मिला है। ग्राम श्यामनगर निवासी 81 वर्षीय वरिष्ठ किसान बिरझुराम साहू के कृषि कार्यों के प्रति समर्पण और मेहनत की चर्चा क्षेत्रभर में हो रही है। उनके प्रेरणादायी व्यक्तित्व को देखते हुए विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

गौरतलब है कि बिरझुराम साहू 81 वर्ष की आयु में भी नियमित रूप से खेती-किसानी के कार्यों में सक्रिय हैं। उम्र के इस पड़ाव में भी उनका उत्साह और परिश्रम युवा किसानों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। वे वर्षों से कृषि कार्य के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं पौधारोपण के प्रति भी लोगों को जागरूक करते आ रहे हैं। हरिभूमि में उनके संघर्ष, परिश्रम और कृषि के प्रति समर्पण पर आधारित समाचार प्रकाशित होने के बाद जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों ने भी उनकी सराहना की। इसी क्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू द्वारा उन्हें सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया है। क्षेत्रवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि समाज में ऐसे मेहनती और प्रेरणादायी किसानों का सम्मान होना चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को भी मेहनत, अनुशासन और कृषि के प्रति समर्पण की प्रेरणा मिल सके। ग्रामीणों का मानना है कि बिरझुराम साहू जैसे किसान गांव और कृषि संस्कृति की वास्तविक पहचान हैं। विश्व पर्यावरण दिवस पर होने वाला यह सम्मान समारोह क्षेत्र के किसानों एवं युवाओं के लिए प्रेरणादायक संदेश लेकर आएगा तथा कृषि और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वालों का उत्साहवर्धन करेगा।



## बरोण्डा-श्यामनगर सड़क जर्जर, राहगीरों में बढ़ा आक्रोश



**सुरसाबांधा।** राजिम-गरियाबंद मुख्य मार्ग पर ग्राम बरोण्डा और श्यामनगर के बीच हाल ही में निर्मित सड़क की हालत बद से बदतर होती जा रही है। निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़क कई स्थानों पर उखड़ने लगी है तथा गड्ढे उभर आए हैं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ठेकेदार एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित यह सड़क लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से बनाई गई थी, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता कमजोर होने के कारण सड़क समय से पहले ही जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। सड़क की ऊपरी परत कई स्थानों पर उखड़ चुकी है, जिससे छोटे-बड़े गड्ढे बन गए हैं। तेज रफ्तार वाहनों को अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। यह मार्ग राजिम, गरियाबंद सहित आसपास के गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, किसान, व्यापारी, कर्मचारी एवं आम नागरिक इसी सड़क से आवागमन करते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों का सफर कठिन और जोखिमभरा हो गया है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सड़क निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा प्रभावी निगरानी नहीं की गई। यदि निर्माण कार्य की नियमित जांच की जाती तो सड़क इतनी जल्दी खराब नहीं होती। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही और विभागीय अधिकारियों की निक्रियता का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती, जिससे दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।

# जिपं अध्यक्ष गौरीशंकर ने सादगी के साथ मनाया जन्मदिन

**ग्राम साहेबिनकछार में ग्रामीणों ने गाजेबाजे के साथ किया स्वागत, अध्यक्ष ने कई विकास कार्यों की दी सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप का जन्मदिन बुधवार को आत्मीयता और गरिमामयी वातावरण मे मनाया गया। सुबह से देर रात तक उन्हे बधाई और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। जगह –जगह उनके समर्थकों द्वारा केक काटकर खुशियां मनाई गई। उनके स्वस्थ सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना किया।

मैनपुर विकासखण्ड के बिहड़ जंगल उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे ग्राम साहेबिनकछार के ग्रामीणों द्वारा आज जिला पंचायत अध्यक्ष का जन्मदिन बेहद ही धुमधाम के साथ मनाया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री कश्यप जैसे ही ग्राम साहेबिनकछार पहुंचे ग्रामीणों ने गाजेबाजे के साथ ऐतिहासिक स्वागत किया। रैली निकाली गई। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा फुलमाला के साथ ही पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया गया। बच्चों एवं सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में गौरीशंकर कश्यप ने केक काटकर सभी का आभार व्यक्त किया और कहा पूरे गरियाबंद जिले के विकास के लिए उनके द्वारा कार्य किया जा रहा है। आज यहां पहुंचकर बहुत ही खुशी हुई जन्मदिन केवल व्यक्तिगत खुशी का अवसर नहीं बल्कि समाज व क्षेत्र के लोगों के बीच खुशिया बांटने का अवसर है। उन्होंने कहा सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वनांचल क्षेत्र को विकास के मुख्यधारा से जोड़ना है। इस दौरान उन्होंने कई विकास कार्यों के लिए लाखों की घोषणा की, जिसमें सामुदायिक भवन के लिए 5 लाख, देवगुढ़ी के लिए 5 लाख, चबुतरा निर्माण के लिए 2 लाख देने की घोषणा की। इस दौरान ग्रामीणों ने मांग की कि यहां मोबाइल टावर लगाया गया है, लेकिन अब तक शुरू नहीं किया गया है। साथ ही आश्रम खोलने की मांग की, जिस पर जिला पंचायत सदस्य ने ग्रामीणों को जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात करवा कर इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान करने की बात कही। ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक, गोपी ध्रव मंडल अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, कन्हैया लाल ध्रुव, थिंक आईएएस एकेडमी संचालक मुरली देवांगन, पूर्व सरपंच रुपसिंग मांझी अर्जुन नायक, चंदन सोनी, दीपचंद कश्यप, पूर्व जनपद खिलेश साहू, रोशन साहू समाजिक कार्यकत्र्ता, हर्षवर्धन साहू, संजू निर्मलकर, उरेन्द्र साहू, हरिहर यादव, जितेन्द्र नागेश, बेनु जगत, करण नाग, यशोदा मरकाम, रतन मरकाम, कयबाई मरकाम, भूमिका मरकाम, तिलक मरकाम सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।





# जनहित के मुद्दों को सोशल मीडिया के जरिए उठाएगी कांग्रेस

**गरियाबंद।** राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा जमीनी स्तर पर जनहित के मुद्दों को उठाने वाले कार्यकर्ताओं को एक डिजिटल मंच से जोड़ने की पहल शुरू किए है। आज वर्तमान में ऊपर स्तर के मीडिया को बहका कर केंद्र शासन केवल अपनी बड़ाई को ही दिखाते हैं, जबकि पत्रकार समाज के चौथे स्तंभ के नाम से पहचाने जाते हैं, लेकिन ऊपर के मीडिया विपक्ष या केंद्र की खिलाफ कोई भी खबर नहीं दिखाते जिसके चलते राहुल गांधी द्वारा सोशल मीडिया में आज के युवाओं को जोड़कर अब समाज के पांचवा स्तम्भ का नाम दे रहे हैं। उक्त बाते कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता योगेश साहू के द्वारा स्थानीय रेस्ट हाउस पत्रकार वार्ता में कही।

- कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन जोड़ने की पहल

उन्होंने कहा कि विपक्ष और जनसरोकारों से जुड़े कई मुद्दों को मुख्यधारा की मीडिया में पर्याप्त स्थान नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया को लोकतंत्र के एक प्रभावी माध्यम के रूप में उपयोग करते हुए आम जनता की समस्याओं और जनहित के विषयों को व्यापक स्तर पर उठाने की योजना बनाई गई है। इस अभियान के माध्यम से गांव, पंचायत और वार्ड स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, ताकि वे स्थानीय समस्याओं, जनहित के मुद्दों और शासन-प्रशासन से जुड़े विषयों को सीधे जनता तक पहुंचा सकें।



उन्होंने बताया कि इस डिजिटल नेटवर्क से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक सहयोग के साथ-साथ आवश्यक होने पर कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना, जनआवाज को सशक्त बनाना और जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से सामने लाना है।

कांग्रेस नेताओं ने अधिक से अधिक युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से इस पहल से जुड़कर जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने का आह्वान किया है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया आज सूचना और संवाद का सशक्त माध्यम बन चुका है, जिसके जरिए आम लोगों की आवाज को व्यापक मंच प्रदान किया जा सकता है।

## मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का स्वागत पर पारदर्शिता जरूरीः धनेन्द्र

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेन्द्र साहू ने मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई नई हेल्पलाइन सेवा '1076' का स्वागत करते हुए कहा है कि यह पहल जनता और सरकार के बीच संवाद बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक कदम है, लेकिन बिना स्पष्ट समय-सारणी, पारदर्शी प्रक्रिया और जवाबदेही के यह व्यवस्था केवल एक घोषणा बनकर न रह जाए।



धनेन्द्र साहू ने कहा कि सरकार का दावा है कि इस हेल्पलाइन के माध्यम से मुख्यमंत्री स्वयं जनता की समस्याएं सुनेंगे, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि मुख्यमंत्री किस समय और कितनी अवधि तक सीधे नागरिकों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रशासनिक व्यस्तताओं को देखते हुए 24 घंटे उपलब्ध रहना संभव नहीं है, इसलिए सरकार को एक निश्चित और सार्वजनिक समय-सारणी जारी करनी चाहिए ताकि आम नागरिकों को भ्रम की स्थिति का सामना न करना पड़े। उन्होंने राज्य की जनदर्शन व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि कई बार जनदर्शन कार्यक्रम महीनों तक स्थगित या बंद रहते हैं। इसके कारण दूरस्थ ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों से आने वाले लोग आर्थिक कठिनाइयों का सामना करते हैं। कई ग्रामीण कर्ज लेकर राजधानी पहुंचते हैं, लेकिन वहां पहुंचने पर उन्हें कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी मिलती है, जिससे उनका समय और पैसा दोनों व्यर्थ होता है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी में पेड़ की छाव में दो पल नींद का सुकुन



**मैनपुर।** क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोग परेशान हो गये हैं। ऐसे में दोपहर के समय वाहन चालक व मेहनत मजदुरी करने वाले पेड़ के नीचे छाव में दो पल सुकुन का नींद पूरा करते दिखाई दे रहे हैं। यह तस्वीर को हमारे संवाददाता शेख हसन खान ने अड़गड़ी में ली है।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन ढकोसला-भूपेंद्र सोनी

**नवापारा-राजिम।** नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि



एक तरफ कांग्रेस सुशासन तिहार का विरोध कर रही है, दूसरी तरफ कांग्रेस के विभिन्न वार्डों के पार्षदों ने समस्याओं के निराकरण और विकास कार्यों की मांग को लेकर 20 आवेदन दिए हैं। इससे स्पष्ट है कि सुशासन तिहार में वास्तविक मांगों और समस्याओं का निराकरण भी हो रहा है, तभी तो कांग्रेस के पार्षदों ने मांगों और समस्याओं के लिए कार्यक्रम में आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि विरोध कर कांग्रेस जनता को सिर्फ भ्रमित कर रही है। सुशासन तिहार जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए है और कांग्रेस का यह आंदोलन सिर्फ ढकोसला है।

### रेत फेंकने को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम रामाडबरी में रेत फेंकने की बात पर हुए विवाद में दो पक्षों की बीच मारपीट हो गई। मामले की रिपोर्ट पर पटेवा थाने में अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी नरेंद्र सोनटके निवासी ग्राम रामाडबरी ने बताया कि 02 जून की शाम करीबन 05 बजे वह केरामुडा रोड स्थित अपने खेत से ट्रैक्टर ट्राली में ईंट लोडकर वापस अपने घर मेरी पत्नी हसीना सोनटके के साथ पैदल आ रहा था। इसी दौरान पीपरी चौक, बंजारे दुकान के सामने समारू सोनटके ने उसके ऊपर रेत फेंक दिया। जब उसने पूछा कि रेत को क्यो फेंक रहे हो, तब समारू सोनटके ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। जब उसकी पत्नी हसीना सोनटके बीच बचाव करने आयी तो उसके साथ भी गाली गलौज कर मापीट करने लगा। आवाज सुनकर जब उसकी मां प्रेमीन सोनटके, भाई शंकर सोनटके आकर बीच बचाव करने लगे, तब आरोपी समारू सोनटके, किशन सोनटके और छीता सोनटके ने मिलकर मेरी पत्नी हसीना, मां प्रेमीन सोनटके, भाई शंकर सोनटके के साथ भी मारपीट की।

# उदंती-सीतानदी के जंगलों में दिखा प्रकृति का अद्भुत नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के घने और हरे-भरे जंगलों में प्रकृति का एक बेहद मनमोहक दृश्य देखने को मिला है। यहां दक्षिण उदंती परिक्षेत्र में भारत के सबसे आकर्षक पक्षियों में से एक माने जाने वाले दूधराज (इंडियन पैराडाइज फ्लाईकैचर) का एक जोड़ा घोंसला बनाते हुए कैमरे में कैद हुआ है। यह दुर्लभ और सुंदर दृश्य वन्यजीव प्रेमियों तथा पक्षी विशेषज्ञों के लिए खास महत्व रखता है। फॉरेस्ट गार्ड टेकेश्वर देवांगन ने इस अद्भुत पल को अपने कैमरे में रिकॉर्ड किया। वीडियो में नर और मादा दूधराज पक्षी पेड़ों की टहनियों पर बैठकर बड़ी मेहनत से घोंसला तैयार करते दिखाई दे रहे हैं।

## दूधराज पक्षी का जोड़ा घोंसला बनाते कैमरे में कैद

### जंगलों की बेहतर सेहत का संकेत

वन अफसरों का मानना है कि किसी क्षेत्र में पक्षियों की सक्रियता और प्रजनन गतिविधियां उस जंगल की पारिस्थितिक गुणवत्ता का महत्वपूर्ण संकेत होती हैं। दूधराज जैसे संवेदनशील पक्षियों का सुरक्षित वातावरण में घोंसला बनाना यह दर्शाता है कि उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व का प्राकृतिक तंत्र मजबूत और संतुलित है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने भी इस दृश्य को जंगलों की समृद्ध जैव विविधता का सकारात्मक संकेत बताया है। उनका कहना है कि रिजर्व क्षेत्र में वन्यजीव संरक्षण और प्राकृतिक आवासों को सुरक्षित रखने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।



### प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र

दूधराज पक्षी का यह वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। पक्षियों और वन्यजीवों में रुचि रखने वाले लोग इस दृश्य को प्रकृति की अनमोल धरोहर बता रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के दुर्लभ दृश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूक करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पहले से ही बाघ, तेंदुआ, भालू, जंगली कुत्तों और अनेक दुर्लभ पक्षी प्रजातियों के लिए जाना जाता है।अब दूधराज पक्षी के घोंसला निर्माण का यह दृश्य एक बार फिर साबित करता है कि यह क्षेत्र वन्यजीवों के लिए सुरक्षित और समृद्ध प्राकृतिक आवास बना हुआ है।

पक्षियों की यह स्वाभाविक गतिविधि जंगल की समृद्ध जैव विविधता और सुरक्षित पर्यावरण की झलक प्रस्तुत करती है।

**प्रकृति की खूबसूरती का प्रतीक है दूधराज** - दूधराज, जिसे अंग्रेजी में प्दकपंद च्तंकपेम थ्सलबंजबीमत कहा जाता है, अपनी आकर्षक बनावट और लंबी सफेद पूंछ के कारण पक्षी प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय है। नर पक्षी का सफेद रंग और लंबी रिबन जैसी पूंछ उसे अन्य पक्षियों से अलग पहचान दिलाती है, जबकि मादा का रंग अपेक्षाकृत भूरा और हल्का होता है। यह पक्षी मुख्य रूप से जंगलों और हरियाली वाले क्षेत्रें में पाया जाता है तथा कीट-पतंगों को पकड़कर अपना भोजन करता है।

## स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने आदिवासी क्षेत्र को दी बड़ी सौगात

# ब्लॉक में बनेंगे 13 नए उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन, करोड़ों की स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में उपस्वास्थ्य केन्द्रों भवन की हालत बेहद खराब है। कही जर्जर भवन तो कही किराए के मकानों में उपस्वास्थ्य केन्द्र संचालित हो रहा है। साथ ही स्वास्थ्य सुविधा का हाल बेहाल है। इस खबर को हमारे हरिभूमि अखबार ने 22 मई को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था और अब मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के 13 ग्रामों में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए करोड़ों की राशि स्वीकृत किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने इस आदिवासी वनांचल क्षेत्र के दुरस्थ ग्रामीण इलाकों में उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

मिली जानकारी के अनुसार उपस्वास्थ्य केन्द्र बिरीघाट, डेंडुपदर, ढोर्रा, गोलामाल, गुरजीभाठा अ, कांडेकेला, मैनपुरखुर्द, छिन्दौला, भाठीगढ़, पदमपुर, घुमरापदर, खरीपथरा, सुकलीभाठा मे 28.51 लाख के एक -एक भवन निर्माण किया जाना है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने बताया कि पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 में बनेंगे पांच उपसावस्थ केंद्र भवन 28.51 लाख के बजट से बनेंगे, क्षेत्र में स्वास्थ सुविधा को देखते हुए स्वास्थ मंत्री से आवेदन किया था, अब पहली बार अपने चुनाव क्षेत्र क्रमांक 9 में ढोर्रा, देंडूपदर, कांडेकेला, गोलामाल, गुरजीभाटा अ सहित मैनपुर खुर्द, बीरीघाट, छिंदोला, भाटीगड़, पदमपुर, घुमरापदर, खरीपथरा, सुकलीभाटा, देवभोग विकासखंड के सूक्लीभाटा में भी बनेंगे उपसावस्थ केंद्र कुल मैनपुर विकासखंड में 12 चुनाव क्षेत्र में पांच ऐसे देवभोग विकासखंड में एक सुक्लीभाटा में बनेंगे पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 सहित मैनपुर एवं देवभोग विकासखंड में उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों की स्वीकृति से क्षेत्रवासियों में हर्ष देखा जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 में स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप द्वारा स्वास्थ्य मंत्री से लगातार मांग एवं आवेदन किया गया था और इस खबर को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, जिसके परिणामस्वरूप अब उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। स्वीकृत भवनों का निर्माण लगभग 28.51 लाख प्रति भवन की लागत से किया जाएगा। पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के अंतर्गत ढोर्रा, देंडूपदर, कांडेकेला, गोलामाल एवं गुरजीभाटा (अ) में नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही मैनपुर खुर्द, बीरीघाट, छिंदोला, भाटीगढ़, पदमपुर, घुमरापदर, खरीपथरा एवं सुकलीभाटा सहित विभिन्न ग्रामों को भी इसका लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखंड में कुल 12 उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से पाँच भवन पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 के अंतर्गत आते हैं। वहीं देवभोग विकासखंड में सुकलीभाटा में भी उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण किया जाएगा।

### जनसुविधाओं के विस्तार हेतु वे निरंतर प्रयासरत

जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जयसवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रें में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता रही है। इन भवनों के निर्माण से ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं अपने गांव के समीप उपलब्ध होंगी तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु वे निरंतर प्रयासरत हैं तथा भविष्य में भी क्षेत्रवासियों की आवश्यकताओं को शासन तक पहुंचाकर विकास कार्यों को गति प्रदान करते रहेंगे।



मैनपुर ब्लॉक में स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर, दो दर्जन से अधिक भवनों की हालत बेहद खराब

53 उपस्वास्थ्य केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, प्राथमिक में एक भी रेगुलर डॉक्टर नहीं

### सुशासन शिविर में यातायात सुधारने और बाइपास सड़क निर्माण की मांग

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष परदेसी राम साहू सुशासन कार्यक्रम में आज अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रवि सिंह से मुलाकात कर यातायात व्यवस्था में सुधार तथा बाईपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर एक लिखित ज्ञापन सौंपा। श्री साहू ने बताया कि नवापारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक सबसे व्यस्ततम चौक है, जहां से धमतरी कुरूद, मगरलोड गरियाबंद महासमुंद आरंग एवं अभनपुर रायपुर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्ग गुजरते हैं। इस चौक से प्रतिदिन बड़ी संख्या में भारी मालवाहक वाहन आवागमन करते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और जन-धन की हानि होती है।उन्होंने मांग की कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर स्थायी रूप से पुलिस जवानों की तैनाती की जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। इसके साथ ही मगरलोड राजीम तक बाईपास सड़क के माध्यम से जोड़े जाने की मांग भी की गई। परदेसी राम साहूका कहना है कि बाईपास बनने से भारी वाहनों का दबाव शहर के भीतर कम होगा, यातायात व्यवस्थित होगा और आम नागरिकों को काफी सुविधा मिलेगी। ज्ञापन सौपने साथ में दयालु राम गाड़ा जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ था ज्ञापन सौंपने के बाद एसडीएम रवि सिंह ने उक्त मांगों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा।




# नपा भवन निर्माण का सांसद बृजमोहन ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के विकास की दिशा में गुरुवार का दिन महत्वपूर्ण साबित हुआ, जब रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने यहां नए नगर पालिका भवन का विधिवत भूमिपूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी उपस्थिति रही। भूमिपूजन के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि नगर के बढ़ते विकास और प्रशासनिक जरूरतों को देखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त नए नगर पालिका भवन का निर्माण कराया जा रहा है। कहा कि लगभग दो करोड़ एक लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह भवन नगरवासियों को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएगा तथा पालिका के कार्यों में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों ही शहरी विकास को प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही हैं। नवापारा नगर में भी सड़क, भवन, पेयजल और अन्य आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओम कुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सीएमओ लवकेश पैकरा, इंजीनियर राहुल थवानी सहित पालिका के पार्षद, सभापति और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।






## राजधानी रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित बलदेव सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

# महासम्मेलन में शामिल होने एनएचएम कर्मचारियों ने सीएमएचओ को दिया निमंत्रण



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एस. नवरत्न से सौजन्य भेंट कर आगामी 13 जून को रायपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय महासम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उक्त तिथि को बड़ी संख्या में एनएचएम कर्मचारी महासम्मेलन में शामिल होंगे, जिसके संबंध में अवकाश की सूचना भी सीएमएचओ को दी गई।

डॉ. नवरत्न ने निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं तथा कर्मचारियों को हरसंभव सहयोग और सहभागिता का आश्वासन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले वर्ष एक माह से अधिक समय तक चले अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान कर्मचारियों की कुछ मांगें पूरी हुई थीं, लेकिन नियमितीकरण, ग्रेड पे सहित अन्य लंबित मांगों के आदेश और क्रियान्वयन को लेकर अब भी कर्मचारी संघर्षरत हैं। इन्हीं मांगों को लेकर 13 जून 2026 को रायपुर के बूढ़ा तालाब स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। संघ के अनुसार महासम्मेलन में प्रदेश के सभी जिलों से 20 हजार से अधिक एनएचएम कर्मचारी अपने परिवारों सहित शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल अध्यक्षता करेंगे।

संघ के जिलाध्यक्ष अमृत राव भोंसले के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल में प्रशांत अवधिया, लम्बोदर महतो, दीपेश टांडी, भूपेश साहू, नेहा प्रधान, भारत ठाकुर, टिकेश साहू, डॉ. सौरभ मेश्राम, भूपेंद्र देवांगन, डॉ. योगेंद्र रघुवंशी, योगेश साहू, कमलेश्वर ढीढी, सौरभ गुप्ता, डॉ. महावीर बरगहा, धीरज शर्मा, टिकेश बांसकर, नवीन नवरंगे, खुशबू सिन्हा, डॉ. पल्लवी साहू, लाल जी साहू, जागेश्वर देवांगन, तोमेश देवांगन, लीलाराम साहू, लालिमा साहू, गोपाल करण एवं तुमित सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।